नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 शिवराज पहली बार देंगे बीमा राशि


6 चुनाव में फर्जी वोटिंग का आरोप वाकई गंभीर


7 भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता : वैष्णव


8 पंत तोड़ सकते हैं धोनी का टेस्ट रिकॉर्ड


# अब एमपी बनेगा 'मॉडर्न प्रदेश'

## बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह- कुछ लोग समझते हैं सबके बॉस तो हम हैं

**148** एकड़ में बनने वाली बीईएमएल

**1800** करोड़ की लागत से बनेगी फैक्ट्री

**05** हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा



**रायसेन, 09 अगस्त. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के उमरिया गांव पहुंचे, जहां औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया. इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग भारत की विकास गति से खुश नहीं हैं. वे समझते हैं सबके बॉस तो हम हैं.**

भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, यह कई लोगों को खटक रहा है. कोशिश की जा रही है कि भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएं ताकि दुनिया इन्हें न खरीदे, लेकिन अब कोई ताकत भारत को विश्व शक्ति बनने से नहीं रोक सकती.

राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत अब 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा सामान निर्यात कर रहा है. उन्होंने इसे नए भारत के नए रक्षा क्षेत्र की ताकत बताया. हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और मजबूत कर रहा है, आतंकवाद पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले आतंकवादी धर्म पूछकर लोगों को मारते थे, लेकिन भारत ने तय किया कि वह किसी को धर्म देखकर नहीं, बल्कि कर्म देखकर मारेगा. राजनाथ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में इसे 'मॉडर्न प्रदेश' के नाम से जाना जाएगा. उन्होंने बताया कि आज जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ, उसका नाम 'ब्रह्मा' रखा गया है, जो सृष्टिकर्ता के नाम से प्रेरित है.

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रेसिडेंट एंड सीएमडी बीईएमएल शांतनु राय ने कहा कि यहां से 18 महीने में पहला स्टॉक रोल आउट करने का प्रयास होगा. यहां लाइट वेट एल्युमीनियम रेलवे कोच भी तैयार किए जाएंगे.

### मध्यप्रदेश को मिली रेल कोच फैक्ट्री की सौगात

**भोपाल, 10 अगस्त.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर रायसेन जिले के उमरिया में 60 हेक्टेयर में 1,800 करोड़ रुपये की लागत से 'ब्राह्मा' रेल कोच मैन्युफैक्चरिंग परियोजना स्थापित होगी. 148 एकड़ में बनने वाली बीईएमएल की इस परियोजना से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा. यहां वंदे भारत, अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच बनेंगे, जिससे भारतीय रेल के नए युग की शुरुआत होगी. यह फैक्ट्री 1800 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होगी. संयंत्र 'मेक इन इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' के अनुरूप होगा और पर्यावरणीय मानकों का पालन करेगा. प्रारंभिक क्षमता 125-200 कोच प्रतिवर्ष होगी, जिसे पांच वर्षों में 1,100 कोच तक बढ़ाया जाएगा. मेट्रो निर्माण के वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनेगा.

# 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल का मिस्ड कॉल अभियान



**नयी दिल्ली, 10 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इस मुद्दे पर समर्थन जुटाने के लिए मिस्ड कॉल अभियान शुरू किया है. उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फोन नंबर 9650003420 जारी कर लोगों से इस पर मिस्ड कॉल करने की अपील की.**

राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी "एक व्यक्ति, एक वोट" के बुनियादी सिद्धांत पर हमला है और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के लिए पारदर्शी मतदाता सूची आवश्यक है. उन्होंने चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि जनता और राजनीतिक दल उसका स्वयं ऑडिट कर सकें. गांधी ने लोगों से वोटचोरी.इन/एकडिमांड पर जाने या 9650003420 पर मिस्ड कॉल देकर इस अभियान में जुड़ने की अपील की.

### वोट चोरी के आरोप पर कर्नाटक सीईओ का राहुल को नोटिस

कर्नाटक, 10 अगस्त. कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों के सबूत मांगे हैं. राहुल ने दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में डुप्लिकेट प्रविष्टियों, फर्जी पतों और एक ही पते पर बड़े पैमाने पर पंजीकरण के जरिए 1,00,250 वोट चुराए गए. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा था कि 'श्रीमती शकुन रानी' ने दो बार वोट डाला. ष्टश्वह्र ने नोटिस में लिखा कि जांच में शकुन रानी ने केवल एक बार वोट दिया और जो दस्तावेज राहुल ने दिखाए, वे चुनाव अधिकारी द्वारा जारी नहीं किए गए थे.

# वाड्रा ने 58 करोड़ की अवैध कमाई : ईडी

**नई दिल्ली, 10 अगस्त. मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया है कि गुरुग्राम में एक दागी जमीन सौदे के तहत कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा को अपराध की आय के रूप में 58 करोड़ रुपये मिले.**



आरोप है कि 53 करोड़ रुपये स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि. और 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्रा. लि. के जरिए भेजे गए. ईडी के आरोपपत्र के मुताबिक वाड्रा ने पूछताछ में तीन दिवंगत लोगों — एचएल पाहवा, राजेश खुराना और महेश नागर — पर जिम्मेदारी डाल दी, लेकिन कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया.

ईडी का दावा है कि वाड्रा ने यह रकम आलीशान जिंदगी जीने और संपत्ति खरीदने में लगाई. जांच में सामने आया कि अपराध से प्राप्त धन से विभिन्न शहरों में जमीन, फ्लैट और वाणिज्यिक इकाइयां खरीदी गईं, निवेश किया गया और कंपनियों के कर्ज चुकाए गए. ईडी ने अब तक 38.69 करोड़ रुपये मूल्य की 43 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनमें बीकानेर, गुरुग्राम, मोहाली, अहमदाबाद, नोएडा और फरीदाबाद की संपत्तियां शामिल हैं.

### स्टाम्प ड्यूटी में 45 लाख बचाए

यह मामला हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में जमीन की खरीद-बिक्री और लाइसेंस जारी करने में कथित गड़बड़ियों से जुड़ा है. आरोप है कि स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने 3.5 एकड़ जमीन केवल 7.50 करोड़ में खरीदी, जबकि वास्तविक कीमत 15 करोड़ थी, और झूठी जानकारी देकर स्टाम्प ड्यूटी में करीब 45 लाख बचाए गए.

# अगले युद्ध के लिए तैयार रहे भारत : द्विवेदी

- ऑपरेशन सिंदूर को बताया शतरंज की बाजी
- ग्रे जोन और पारंपरिक ऑपरेशन का अंतर



**नई दिल्ली, 10 अगस्त. थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ड्रोन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया में वर्तमान में 56 संघर्ष जारी हैं और 92 देश इनमें किसी न किसी रूप में शामिल हैं. उन्होंने चेताया कि अगला युद्ध कभी भी हो सकता है, इसलिए हर क्षेत्र में तैयार और सतर्क रहना आवश्यक है.**

जनरल द्विवेदी ने कहा कि दुश्मन की अगली चाल अनिश्चित है और हमें संभावित खतरों के लिए पूरी तरह तैयार रहना होगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि सेना को अभियानों में पूरी स्वतंत्रता दी गई है. आईटीआई मद्रास में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मई में किए गए ऑपरेशन सिंदूर की जटिलताओं को साझा किया, जिसे 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था. उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी पारंपरिक मिशन से अलग था और शतरंज के खेल की तरह था, जिसमें दुश्मन की चाल का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल था. इसे 'ग्रे जोन' ऑपरेशन करार देते हुए उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक युद्ध से हटकर एक रणनीतिक कार्रवाई थी. जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि पारंपरिक ऑपरेशन में पूरी ताकत के साथ हमला किया जाता है और स्थिति स्पष्ट होती है, जबकि 'ग्रे जोन' में विभिन्न क्षेत्रों में अप्रत्याशित और लचीली कार्रवाई होती है.

### 'ऑपरेशन सिंदूर' तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रमाण : सीडीएस

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का स्पष्ट प्रमाण है. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सीडीएस ने 21वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी) के प्रतिभागियों

# नया आयकर विधेयक आज

## समिति के सभी 285 सुझाव होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 10 अगस्त. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू जानकारी दी कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश करेंगी. यह विधेयक सिलेक्ट कमेटी द्वारा सुझाए गए और सरकार द्वारा स्वीकार किए गए सभी संशोधनों को शामिल करेगा.**



रिजिजू ने कहा कि मीडिया के कुछ हिस्सों में व्यक्त आशंकाएं निराधार हैं और यह सामान्य संसदीय प्रक्रिया है. उन्होंने बताया कि समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने की और इसमें कुल 285 सुझाव दिए गए थे, जिन्हें सरकार ने पूरी तरह स्वीकार किया है. रिजिजू ने बताया कि अगर इन सभी संशोधनों को अलग-अलग पेश कर मंजूरी ली जाती तो प्रक्रिया लंबी और जटिल हो जाती. इसलिए पुराना विधेयक वापस लेकर सभी स्वीकृत बदलावों के साथ नया विधेयक पेश करना सबसे आसान तरीका है.

# वोट चोरी आरोप पर इंडिया गठबंधन का सोमवार को मार्च

**नयी दिल्ली, 10 अगस्त.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार, 11 अगस्त को संसद से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च करेंगे. राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए मतदाता सूची में हेरफेर कर रहा है. पिछले सप्ताह उनके आवास पर हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया. मार्च से पहले सुबह संसद भवन में विपक्षी नेताओं की बैठक होगी.

# शिक्षा ट्रिलियन डॉलर का उद्योग बनी : भागवत

- चिकित्सा सेवा में संवेदना और संवाद जरूरी
- समाज को सस्ती और सहज चिकित्सा की जरूरत



**इंदौर, 10 अगस्त। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि एक समय था जब शिक्षक छात्र का ध्यान रखते थे और चिकित्सा सेवा भाव से की जाती थी, लेकिन आज शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों बड़े व्यवसाय बन गए हैं। ऐसी स्थिति में सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध कराना प्रशंसनीय कार्य है।**

वे रविवार को माधव सृष्टि गुरुजी सेवा न्यास कैंसर अस्पताल के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले कई गांवों का एक वैद्य होता था, जो सेवा के भाव से इलाज करता था। आज नई-नई तकनीकों के कारण चिकित्सा महंगी होती जा रही है। न्यूयॉर्क में खोजा गया इलाज पूरे विश्व में लागू कर दिया जाता है, जबकि वहां की परिस्थितियां और भारत की जलवायु अलग हैं।

डॉ. भागवत ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही ज्ञान अर्जित कर सकता है। आज शिक्षा ट्रिलियन डॉलर का उद्योग बन गई है, लेकिन ज्ञान नहीं मिलता। समाज को सस्ती और सहज चिकित्सा की जरूरत है। सेवा भावना वाले डॉक्टर और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने वाले लोग ही समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, अपना सुख, सबका सुख है। सेवा में संवेदना और संवाद जरूरी हैं। समृद्ध लोगों को गरीबों की मदद करनी चाहिए। माधव सृष्टि द्वारा एक ही छत के नीचे सभी चिकित्सा पद्धतियों की उपलब्धता सराहनीय है।

# ईसी ने सुको में एडीआर की मांग का किया विरोध


**पटना/नई दिल्ली, 10 अगस्त.** बिहार में मतदाता सूची संशोधन (रिवीजन) प्रक्रिया पर उठ रहे विवाद के बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है. एडीआर ने आरोप लगाया था कि प्रदेश में 65 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं और उनकी सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए. ईसी ने इस मांग को खारिज करते हुए कहा कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए नामों की अलग सूची तैयार या साझा की जाए, या नाम न शामिल करने के कारण बताए जाएं.

**आगे बढ़ रहा भारत** बेंगलुरु में पीएम मोदी ने तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी, मेट्रो परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई मेक इन इंडिया की ताकत

**बेंगलुरु, 10 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया. इनमें बेंगलुरु -बेलगावी, अमृतसर- माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी)-पुणे मार्ग शामिल हैं. कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई गणमान्य इस मौके पर मौजूद थे.**

बेंगलुरु -बेलगावी वंदे भारत कर्नाटक की 11वीं सेवा है, जो 611 किमी की दूरी 8.5 घंटे में तय करेगी और 1.5 घंटे से अधिक समय बचाएगी. उद्घाटन के बाद विशेष ट्रेन सुबह 11.15 बजे रवाना होकर शाम 8 बजे बेलगावी पहुँची. इसके बाद पीएम मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 की येलो लाइन (आरवी रोड-बोम्मासंद्रा) का उद्घाटन किया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की टेक्नोलॉजी, डिफेंस और मेक इन इंडिया की ताकत को पूरी दुनिया के सामने रखा. पीएम मोदी ने बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं के योगदान की सराहना की. उन्होंने बेंगलुरु को यू इंडिया के राइज का सिंबल बताते हुए कहा कि यह शहर भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित कर चुका है. मोदी ने कहा कि भारत अब शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने 2014 के बाद हुए मेट्रो, रेल, हवाई अड्डों और जलमार्गों के विस्तार का उल्लेख किया. डिजिटल क्रांति की उपलब्धियों पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई से होते हैं.

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत अमेरिका को स्मार्टफोन का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आने वाले वर्षों में बेंगलुरु में दिल्ली के बाद देश का दूसरा सबसे अच्छा मेट्रो नेटवर्क होगा.

# तीन आतंकियों को घेरा

## किश्तवाड़ में ठिकानों पर छापेमारी में अहम सबूत मिले

**जम्मू, 10 अगस्त. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को किश्तवाड़ जिले में पाकिस्तान और पीओके से सक्रिय आतंकियों के नेटवर्क को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर छापेमारी की. एसएसपी नरेश सिंह के निर्देश और एएसपी प्रदीप सिंह गोरिया की निगरानी में किश्तवाड़, चटरू, दच्छन और अठोली में एक साथ कार्रवाई हुई.**



तलाशी में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दस्तावेज़ और आतंकी वित्तपोषण व संचार से जुड़े अहम सबूत बरामद हुए. पुलिस का कहना है कि ऐसे राष्ट्र-विरोधी तत्वों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस बीच सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में 2-3 आतंकियों को घेर लिया गया है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बलों ने आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए शून्य सहिष्णुता की नीति पर जोर दिया है.

## एक नजर में



### इसरो दो महीने में करेगा उपग्रह का प्रक्षेपण

**चेन्नई.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अगले दो महीनों में अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लॉक-2 ब्लूबर्ड का प्रक्षेपण करेगा. यह जानकारी इसरो अध्यक्ष व अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एसआरएमआईएसटी) के 21वें दीक्षांत समारोह में दी. समारोह में उन्हें और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि प्रदान की गई. महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को डिग्रियाँ और डॉक्टरेट प्रदान कीं.

### तिहाड़ जेल में दो कैदियों की मौत

**नई दिल्ली.** तिहाड़ जेल नंबर-8 में नाले की सफाई करते समय हत्या के मामलों में उम्रकैद काट रहे दो कैदियों की मौत हो गई. बारिश से भरे नाले में एक कैदी फिसलकर गिरा और दूसरा उसे बचाने कूदा, लेकिन दोनों बाहर नहीं निकल सके. उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद तिहाड़ प्रशासन ने डिप्टी जेलर, असिस्टेंट जेलर और वार्डन को निलंबित कर न्यायिक व विभागीय जांच के आदेश दिए हैं. प्रारंभिक जांच में सफाई कार्य का कोई आधिकारिक आदेश रिकॉर्ड में नहीं मिला है.

AKS University Satna
Agriculture
ICAR Accredited
भाकृअनुप ICAR
B.Sc. (Hons.) Agriculture
REWA 8889717776 8889647776
SIDHI 8889587776
AMANGANJ 7692807776
CAMPUS 8889207776

### हथियारों का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपी के मिर्जापुर निवासी कुख्यात हथियार तस्कर अमित कुमार को गिरफ्तार किया. उसके पास से 10 सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल, 20 जिंदा कारतूस और 7 अतिरिक्त मैगजीन बरामद की गईं. पुलिस के अनुसार, आरोपी पिछले दो सालों में दिल्ली-एनसीआर में 150 से अधिक पिस्टल सप्लाई कर चुका है.

### पश्चिमी चंपारण में शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया.** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में नौतन थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बरियारपुर श्मशान घाट के पास से 20.500 लीटर बीयर और एक बाइक सहित बब्लू यादव को पकड़ा गया. वहीं, मड़ुआहां सिहुलिया में की गई कार्रवाई में अशोक राम को 8.500 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया. दोनों मामलों में शराब जब्त कर आरोपियों प्राथमिकी दर्ज की गई है.